## लखनऊ में मुख्यमंत्री ने किया यूपी फार्मा कॉन्क्लेव 1.0 का शुभारंभ

# यूपी में 10 हजार करोड़ के निवेश पर सहमति : योगी

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि भारत अपनी नीतियों पर अडिग रहा तो आज बड़ी-बड़ी वैश्विक ताकतों को भारत के सामने झुकने के लिए मजबूर होना पड़ता है। भारत अपनी नीतियों का पालन करेगा और अपनी नीतियों पर दुनिया को ले जाने का कार्य करेगा। मुख्यमंत्री ने ये बातें मंगलवार को लखनऊ के एक होटल में आयोजित फार्मा कान्क्लेव-1.0 में कहीं। कान्क्लेव में फार्मा कंपनियों ने 10 हजार करोड़ के निवेश पर सहमति जताई। इनमें 5525 करोड़ के 11 एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। सीएम ने बताया कि प्रदेश में अब तक 50 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं, जिनमें 20 लाख करोड़ रुपये के प्रस्तावों की ग्राउंड ब्रेकिंग हो चुकी है।

योगी ने कहा कि भारत अपना नियंता स्वयं बनेगा। हम प्रधानमंत्री और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आभारी हैं, जिन्होंने कल टैरिफ में रोलबैक करते हुए फिर से भारत के टैरिफ को कम किया है और भारत को एक विश्वसनीय सहयोगी के रूप में माना है। भारत अपनी नीतियों पर अडिग था और इसका परिणाम है 'सत्यमेव जयते'। यह पहले भी हुआ है और आगे भी होगा। उन्होंने आगाह भी किया कि भारत की बढ़ती ताकत से कुछ लोग सशंकित भी हैं, इसलिए देश को विश्वसनीय सहयोगियों के साथ बढ़ते हुए सतर्कता और विवेक के साथ कार्य करना होगा।

**कानून से खिलवाड़ करने की छूट किसी को नहीं :** मुख्यमंत्री ने फार्मा कंपनियों को प्रदेश में निवेश अनुकूल माहौल के लिए ट्रिपल एस (सेफ्टी, स्टेबिलिटी व स्पीड) की गारंटी दी। प्रदेश की बदली तस्वीर की चर्चा करते हुए सपा सरकार पर तीखा हमला भी बोला। कहा कि अब यूपी में कानून से खिलवाड़ करने की छूट किसी को नहीं है। सवाल उठते हैं कि पुलिस गोली चलाती है। यदि कोई कानून को आंख दिखाने की कोशिश करता है, तो कानून अपने दायरे में लाकर उसे उसकी ही भाषा में जवाब देता है। बदमाश पुलिस पर गोली चलाता है तो पुलिस भी आत्मरक्षा में उसी भाषा में जवाब देती है। ओडीओपी के माध्यम से उत्तर प्रदेश ने 'लोकल को ग्लोबल' बनाने का सफल माडल प्रस्तुत किया है। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट को इसी माह प्रधानमंत्री राष्ट्र को समर्पित करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी डी-रेगुलेशन रैंकिंग में देश में नंबर वन है और ईज आफ डूइंग बिजनेस में टाप अचीवर बन चुका है। डी-क्रिमिनलाइजेशन के तहत 13 राज्य अधिनियमों में मौजूद आपराधिक प्रावधानों को समाप्त किया गया, ताकि उद्योग बिना भय और बाधा के कार्य कर सके।

➤ यूपी बड़ा उपभोक्ता P12

## लखनऊ में बनेगा विश्व स्तरीय फार्मा इंस्टीट्यूट, बजट में करेंगे व्यवस्था



लखनऊ में मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फार्मा कॉन्क्लेव का शुभारंभ किया।

**11** एमओयू किए गए 5525 करोड़ रुपये के निवेश के लिए

**14** हजार कारखाने थे 2017 से पहले थे अब हुए 30 हजार

### इनके साथ हुए एमओयू

| | |
|---|---|
| अर्ना फार्मा | 1250 करोड़ |
| बायोजेंटा | 1,250 करोड़ |
| शुक्रा फार्मास्यूटिकल्स | 737 करोड़ |
| वाल्टर बुशनेल | 590 करोड़ |
| झानविका लैब्स | 553 करोड़ |
| कोरो हेल्थ | 418 करोड़ |
| मार्क लेबोरेटरीज | 300 करोड़ |
| हाई ग्लांस लैबोरेटरीज | 120 करोड़ |
| रासपा फार्मा | 107 करोड़ |
| रोमसंस मेडवर्ल्ड | 100 करोड़ |
| कोटक हेल्थकेयर | 100 करोड़ |

### बरेली सहित अन्य जिलों में नए फार्मा पार्क बनेंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी को फार्मास्यूटिकल मैन्युफैक्चरिंग और इनोवेशन का अग्रणी केंद्र बनाने के लिए ठोस नीति और स्पष्ट विजन के साथ काम किया जा रहा है। ललितपुर में विकसित किया जा रहा बल्क ड्रग फार्मा पार्क केवल एक औद्योगिक इकाई नहीं होगा, बल्कि इसे हब एंड स्पोक माडल पर विकसित किया जा रहा है।

### समयबद्ध तैयारी से सफल बाढ़ प्रबंधन

लखनऊ। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि जितनी बेहतर तैयारी होगी, उतनी ही तेजी और सफलता से चुनौती का समाधान किया जा सकेगा। उन्होंने बाढ़/अतिवृष्टि पूर्व प्रबंधन की विस्तृत समीक्षा करते हुए तटबंधों, ड्रेनों, संवेदनशील स्थानों की समयबद्ध मरम्मत, सुदृढ़ीकरण और निगरानी को अनिवार्य बताया। उन्होंने निर्देश दिया कि सतर्कता, समन्वय और तय समयसीमा में काम पूरा करना ही सुरक्षित बाढ़ प्रबंधन की मूल कुंजी है। योगी ने ये निर्देश सिंचाई अफसरों के साथ समीक्षा बैठक में दिए।

➤ ब्योरा P15